दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 128 मुरादाबाद 03 September 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## भूपेंद्र चौधरी बोले- संपर्क - संवाद से यूपी में निकाय और लोकसभा चुनाव जीतेगी बीजेपी




भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार वाराणसी पहुंचे भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि जनता से संपर्क और संवाद के जरिये अगला निकाय और लोकसभा चुनाव जीतेंगे। रोहनिया स्थित भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय में भूपेंद्र चौधरी का भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने काशी क्षेत्र, महानगर और जिले की संयुक्त बैठक में भी भाग लिया।बैठक के बाद भूपेंद्र सिंह ने कहा कि बाबा विश्वनाथ की धरती पर आकर और उनके दर्शन पाकर अभिभूत हूं। कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने मुझ पर जो भरोसा जताया है उस भरोसे पर हम अपने कर्मठ कार्यकर्ताओ के दम पर शत-प्रतिशत खरा उतरेंगे और आगामी निकाय चुनाव और लोकसभा चुनाव में अभूतपूर्व जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले राजनीतिक दल दो तिहाई बहुमत के लिए संघर्ष करते थे लेकिन पिछले दो लोकसभा और दो विधानसभा चुनाव में जनता ने मोदीजी और योगीजी के कुशल नेतृत्व पर भरोसा करते हुए हमें दो तिहाई की जगह तीन चौथाई से जीत दर्ज करवाई है। भाजपा सरकार अपने ऐजेंडे पर चलते हुए उत्तर प्रदेश को दंगामुक्त, भ्रष्टाचार मुक्त, भयमुक्त समाज देने में सफल रही है। यूपी विकास की नई ऊचाइयों को छू रहा है। भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता संपर्क और संवाद के माध्यम से सरकार की उपलब्धियो को जन-जन तक पहुंचाकर आगामी निकाय चुनाव और लोकसभा चुनाव में अभूतपूर्व परिणाम लाएंगे।

## बाल-बाल बचे अनुप्रिया पटेल के मंत्री पति आशीष पटेल, प्रतापगढ़ में कार पर टावर गिरा

यूपी के प्रतापगढ़ में बड़ा हादसा हो गया। हादसे में अनुप्रिया पटेल के मंत्री पति बाल-बाल बच गए। हालांकि हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में टावर को हटाने का काम शुरू हुआ। काफी मशक्कत के बाद टावर को हटाया जा सका। हादसा शुक्रवार को भंगवा चुंगी चौराहा स्थित मैरिज हाल में हुआ। अपना दल सोनेलाल के सदस्यता अभियान के शुभारंभ समारोह में शामिल होने के लिए कैबिनेट मंत्री आशीष सिंह पटेल दोपहर करीब एक बजे पहुंचे थे। हाईवे से उनकी कार मैरिज हाल के गेट में प्रवेश करने लगी तो कार्यकर्ता उनके स्वागत के लिए जुट गए। गेट में प्रवेश करती कार से बगल में लगे लाउड स्पीकर टावर को धक्का लग गया। टावर आशीष पटेल की कार पर गिर पड़ा। टावर गिरते ही कार्यकर्ता भागने लगे। कार्यकर्ताओं ने कार पर गिरा टावर देखकर उठाया और गेट खोलकर आशीष बाहर निकले और पैदल ही कार्यक्रम स्थल पर चले गए।

## आप एक लाइन ही सुना दो, संस्कृत को राष्ट्रभाषा घोषित करने की मांग पर SC; खारिज की याचिका



सुप्रीम कोर्ट में संस्कृत को राष्ट्रभाषा घोषित करने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया और कहा कि यह एक नीतिगत फैसला है, जिसक लिए संविधान में संशोधन की जरूरत है। जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ता से संस्कृत में एक लाइन सुनाने के लिए भी कहा। शीर्ष न्यायालय में रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट डीजी वंजारा की तरफ से याचिका दायर की गई थी। उन्होंने संस्कृत को राष्ट्रभाषा घोषित किए जान के जरिए भाषा के प्रचार की बात की थी। इसपर जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस कृष्ण मुरारी की बेंच ने कहा, यह नीति निर्णय के दायरे में आता है। इसके लिए भी संविधान में संशोधन की जरूरत होगी। किसी भाषा को राष्ट्रभाषा घोषित करने के लिए संसद को रिट जारी नहीं किया जा सकता। बेंच ने सवाल किया, भारत में कितने शहरों में संस्कृत बोली जाती है? इधर, वंजारा का कहना है कि वह केंद्र की तरफ से इस पर चर्चा चाहते हैं और अदालत की तरफ से एक दखल सरकार के स्तर पर चर्चा शुरू करने में मददगार होगा। बेंच ने पूछा, क्या आप संस्कृत बोलते हैं? क्या आप संस्कृत में एक लाइन बोल सकते हैं या आपकी रिट याचिका की प्रार्थना का संस्कृत में अनुवाद कर सकते हैं। इसपर रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट ने एक श्लोक सुना दिया और बेंच की तरफ से जवाब मिला यह हम सभी को पता है। सुनवाई के दौरान वंजारा ने ब्रिटिश राज के दौरान कलकत्ता के सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी तरफ से पढ़ी गई 22 भाषाओं में एक बात साफ है कि संस्कृत मातृभाषा है। वहीं, कोर्ट ने कहा, हम भी यह बात मानते हैं। हम जानते हैं कि हिंदी और राज्यों की कई भाषाओं के शब्द संस्कृत से आए हैं। लेकिन इसके आधार पर किसी भाषा को राष्ट्रभाषा नहीं घोषित किया जा सकता। हमारे लिए भाषा घोषित करना बहुत मुश्किल है।

### कोर्ट ने कही सरकार के सामने जाने की बात

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने अनुच्छेद 32 का हवाला दिया और कहा कि शीर्ष न्यायालय के पास इसे लेकर गुंजाइश हैं और केंद्र का मत जानकर चर्चा शुरू की जा सकती है। इसपर कोर्ट ने कहा अगर याचिकाकर्ता इस तरह रिप्रेजेंटेशन पेश का विचार रखते हैं, तो उनके पास इसे लेकर सरकार के पास जाने की आजादी हो सकती है।

## श्रीकांत त्यागी के घर पहुंचा सपा का डेलिगेशन, पत्नी अनु त्यागी से जाना पूरा मामला, अखिलेश को सौंपेंगे रिपोर्ट



नोएडा के गालीबाज नेता श्रीकांत त्यागी प्रकरण में अब समाजवादी पार्टी (सपा) की भी एंट्री हो गई है। पार्टी स्तर पर इस मामले की जांच के लिए सपा का नौ सदस्यीय एक डेलिगेशन शुक्रवार को नोएडा की ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी में स्थित श्रीकांत त्यागी के घर पहुंचा। सपा के नेताओं ने यहां श्रीकांत की पत्नी अनु त्यागी से मिलकर पूरा मामला जाना। सपा के डेलिगेशन ने अनु त्यागी और इंगिला त्यागी को दिनांक 5 अगस्त से 9 अगस्त तक पुलिस हिरासत में लेकर उनके साथ हुए उत्पीड़न और शोषण के बारे में जानकारी ली। सपा के ये नेता और अब मुख्यालय को अपनी रिपोर्ट देंगे। वहीं, आज कोर्ट ने एक बार फिर श्रीकांत त्यागी की गैंगस्टर एक्ट के केस में जमानत याचिका खारिज कर दी है। जानकारी के अनुसार, सपा की इस नौ सदस्यीय डेलिगेशन में शाहिद मंजूर, नारद राय, प्रमोद त्यागी, इंदर प्रधान, सुनील चौधरी, भूषण त्यागी, सेवाराम त्यागी, श्रवण कुमार त्यागी और दीपक त्यागी शामिल रहे। बता दें कि, सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की ओर से बीते मंगलवार को जारी एक पत्र में कहा था कि समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार सपा का डेलिगेशन दिनांक 2 सितंबर 2022 को गौतमबुद्ध नगर जाएगा।

### ये था मामला

गौरतलब है कि, नोएडा में 5 अगस्त को ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी में एक महिला से अभद्रता करने के मामले में नोएडा पुलिस ने श्रीकांत त्यागी को 9 अगस्त को सुबह मेरठ से तीन अन्य साथियों के साथ गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद से वह जेल में बंद है। बता दें कि, श्रीकांत त्यागी कथित तौर पर खुद को भाजपा नेता बताकर लोगों पर रौब झाड़ता था, लेकिन महिला के साथ बदसलूकी के मामले में श्रीकांत त्यागी का वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा ने उससे पल्ला झाड़ लिया था। स्थानीय भाजपा सांसद डॉ. महेश शर्मा ने त्यागी के भाजपा सदस्य होने से इनकार किया था। इस घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए थे, जिनमें से एक में त्यागी महिला के खिलाफ कथित तौर पर गंदी-गंदी गालियां देने के साथ अपशब्दों का इस्तेमाल करते और हाथापाई करते दिख रहा था। त्यागी ने महिला के पति के लिए भी कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए अपमानजनक टिप्पणी की थी।

# स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले



प्रद्युम्न कटियार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

कानपुर/बिल्हौर- शुक्रवार को अरौल स्थित माँ शीतला देवी त्रिजुगीनारायण महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चल रहे स्मार्टफोन वितरण योजना के तहत करीब कुल 969 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन प्रबंधन समिति द्वारा वितरित किए गए जिसमे सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार करीब 749 स्मार्टफोन माँ शीतलादेवी त्रिजुगीनारायण महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को वितरित किये गए व 220 स्मार्टफोन उमाशंकर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को वितरित किये गए, इस अवसर पर उपस्थित महाविद्यालय प्रबंधक शिवसिंह कटियार ने लाभान्वित सभी छात्र छात्राओं से इन स्मार्टफोन का सही सदुपयोग करने को लेकर प्रेरित किया ,जैसा कि विदित है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्नातक पास छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण की योजना इस समय प्रदेश में चल रही है इसी कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को अरौल स्थित माँ शीतला देवी त्रिजुगीनारायण महाविद्यालय में स्नातक छात्र छात्राओं को महाविद्यालय प्राचार्य श्री एल0पी0तिवारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में आए हुए मिश्रिख लोकसभा सांसद अशोक कुमार रावत एवं बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने किया एवं छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण करते हुए कहा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए इन स्मार्टफोन का सही इस्तेमाल करने की नसीहत दी, उन्होंने छात्र छात्राओं से अपेक्षा की कि वह इन स्मार्टफोन का उपयोग शिक्षा व समाज की उन्नति लिए करेंगे, वहीं स्मार्टफोन पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे एवं छात्र छात्राओं ने बताया स्मार्ट फोन मिलने से उन्हें आंगे की पढ़ाई करने में मदद मिलेगी इसी क्रम में भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष रूपेश कटियार ने बताया छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण जो किया गया है इससे छात्र छात्राओं को पढ़ाई करने में मदत मिलेगी एवं उन्होंने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा सभी लोग स्मार्टफोन का सदुपयोग करे इस मौके पर विपिन कटियार एवं पूर्व ब्लाकप्रमुख अशोक कटियार, जेपी कटियार, मृदुल योग ट्रेनिंग संस्थान बिल्हौर से प्रशांत कटियार, बृजेश कटियार एडवोकेट (पूर्व उपाध्यक्ष बिल्हौर बार एसोसिएशन), रवी बाजपेई, अविनाश, अश्वनी कटियार, आलोक तिवारी , कुलदीप कटियार, अभय कटियार, कुलदीप यादव,सत्येंद्र कुमार, गौरव कटियार समेत समस्त विद्यालय का स्टाफ, शिक्षक शिक्षिकायें, छात्र छात्राएं आदि लोग उपस्थित रहे।

# बच्चा चोर सम्बन्धी अफवाहों पर ध्यान न दिये जाने की अपील




तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली -जनपद बरेली के ग्रामीण क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से बच्चा चोरी करने वाले गिरोह के विचरण करने जैसी तरह-तरह की अफवाहें फैल रही हैं, जोकि भ्रामक व काल्पनिक हैं। इस तरह की अफवाहों से सीधे साधे लोगों में भय का वातावरण बनता है, साथ ही जनता के लोगो द्वारा मानसिक विक्षिप्त, भिखारियों एवं फेरी लगाकर सामान बेचने वाले एंव वेशभूषा से संदिग्ध प्रतीत होने वाले निर्दोष लोगों के साथ आक्रामक व्यवहार किये जाने की सम्भावना को देखते हुए पुलिस स्तर पर इसे अत्यंत ही गम्भीरता से लिया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली महोदय के निर्देशानुसार निरंतर रूप से सभी क्षेत्राधिकारी / थाना प्रभारी के द्वारा स्थानीय पुलिस बल को साथ लेकर दिन व रात्रि दोनों ही समय ग्रामीण क्षेत्रो में पैट्रोलिंग करते हुए जनसामान्य से परस्पर वार्तालाप एवं संवाद स्थापित करके लोगों को समझाया जा रहा है और सभी से अपील की जा रही है कि बच्चा चोरी सम्बन्धी अफवाहें असत्य एवं भ्रामक है। इस तरह की अफवाहों में कोई सत्यता नही है और न ही फिलहाल के दिनों में इस तरह की कोई घटना घटित हुई है। विगत वर्षो में भी मंकीमैन, चोटी कटवा एवं मुहँनोचवा गैंग की अफवाहें फैली थी, जो समय के साथ साथ स्वयं समाप्त हो गई और अन्तत: असत्य एवं निर्मूल साबित हुई। यह भी स्पष्ट है कि अब तक जनपद के किसी भी थाना एवं चौकी पर बच्चा चोरी होने संबन्धी कोई सूचना पंजीकृत नही हुई है। अत: यह सभी अफवाहें भ्रामक एवं निराधार है। इसलिए इस पर ध्यान न दिया जाये और सभी लोग समाज के जिम्मेदार नागरिक होने का अपना फर्ज निभाते हुये ऐसी अफवाहों को फैलने से रोके । किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर बिना उसके सत्यापित अथवा प्रमाणित हुये उस पर जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें।

# गोमती नदी से उपखनिज बालू का अवैध उत्खनन जारी,पुलिस मौन





विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार,शाहजहांपुर-क्षेत्र में गोमती नदी में रेत का अवैध खनन जारी है जिसमें क्षेत्रीय पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है चर्चा यह कि गोसदन के पास क्षेत्र के एक गांव के मौरंग सीमेंट विक्रेता की शह पर नदी से खनन कराया जाता है व्यापारी के पास हजारों कुन्तल रेत का स्टाक हर समय बना रहता है अवैध खनन में एक अच्छी ट्रिक का इस्तेमाल किया जा रहा है पहले दिन में मजदूर नदी से रेत निकालकर किनारे पर जमा कर लेते हैं बाद में रात्रि के समय ट्रालियों नियत स्थान पर पहुंचा दी जाती हैं, जिसके बाद बिक्री तो चलती ही रहती है हालांकि खनन अधिकांश वन विभाग की जमीनों के पास से होता है वन विभाग के कर्मचारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में बताई जा रही है।

# कबाड़ का खेल परिवहन विभाग से एनओसी लिए बगैर कट रहे हैं पुराने वाहन



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार,शाहजहांपुर- परिवहन और पुलिस विभाग से बिना एनओसी लिए पुराने वाहनों की खरीद और बिक्री का अवैध कारोबार चल रहा है,कई वाहन मालिक लाखों का टैक्स बकाया गाड़ियों को कबाड़ के भाव बेच देते है,ऐसे में परिवहन विभाग टैक्स वसूली के लिए गाड़ी खोजता रहता है और गाड़ियां स्क्रैप के भाव बिक जाती है,इससे शासन को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है, नियम के मुताबिक हर पुराने वाहन को कबाड़ में बेचने से पहले परिवहन विभाग का रजिस्ट्रेशन निरस्त कराना पड़ता है,कबाड़ियों द्वारा निर्धारित नियमों का उल्लंघन कर वाहनों की खरीदी-बिक्री कर रहे है, कई कबाड़ियों के ठिकानों पर रोजाना पुराने वाहन काटकर बाहर सप्लाई किये जा रहे है, इसी गोरखधंधे की आड़ में कबाड़ी चोरी की गाड़ियां भी खरीदकर स्क्रैप बनाकर बेच देते है,परिवहन और पुलिस विभाग अभी तक अवैध कारोबार में लिप्त कबाड़ियों पर कार्रवाई नहीं कर सका है,इसके संबंध में पुलिस से एनओसी जरुरी- पुराने वाहनों को कबाड़ में खरीदी-बिक्री से पहले पुलिस विभाग की एनओसी भी जरुरी होती है,कबाड़ में बेचे जा रहे वाहन पर कोई अपराध तो दर्ज नहीं है इसको लेकर पुलिस एनओसी जारी करती है। कई बार वाहन पर दुर्घटना या अन्य कोई अपराध दर्ज होते है, ऐसे में वाहन को नहीं बेचा जा सकता कबाड़ी कम कीमत पर ऐसे वाहन खरीदते है और स्क्रैप बनाकर बेच देते है, इस अवैध कारोबार पर पुलिस की अभी तक नजर नहीं पड़ी है।

# जांच में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी इसकी शिकायत पूरी तरह से शासन को भेजी जाएगी-ठाकुर राकेश कुमार सिंह



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- मेडिकल कॉलेज के बच्चे की मौत के प्रकरण में भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने पीड़ित परिवार ने एडी हेल्थ कार्यालय पर किया जोरदार प्रदर्शन एडी हेल्थ कार्यालय में भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ने स्टेनो बाबू को एक पत्र सौंपा एडी हेल्थ अनुपस्थिति में स्टेनो बाबू को पत्र दिया गया है और तत्काल कार्रवाई की मांग की आज का किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि समस्या कोई भी हो किसी भी तरह की हो किसी भी अधिकारी के कार्यालय की हो लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने लेडी हेल्प कार्यालय में दिए गए पत्र पर तत्काल कार्रवाई के लिए कहां है पीड़िता को न्याय मिलना चाहिए अति शीघ्र कार्रवाई अमल में लानी चाहिए कॉलेज में पूरी लापरवाही के कारण 4 माह के बच्चे माहिर मौत हुई है इसकी जांच उच्च स्तर से होनी चाहिए इसके लिए जांच कमेटी बनानी चाहिए जांच कमेटी मैं ईमानदार अच्छे डॉक्टर एवं अधिकारी होने चाहिए भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने आक्रोशित शब्दों में कहा है कि मेडिकल कॉलेज मे लापरवाही होती है मरीज का सही इलाज नहीं होता है लापरवाही के कारण 4 माह के बच्चे की मौत हुई है संगठन इसे हल्के में नहीं ले रहा है पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को पूरी तरह से पता है उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है इस सरकार में लापरवाही एवं भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इस समय मौजूद सैकड़ों किसान एवं मजदूर पीड़ित परिवार मौजूद रहा

# अपर मुख्य सचिव पशुधन एवं मत्स्य उ0प्र0 शासन सर्किट हाउस सभागार में पशुओं में फैली लम्पी स्किन बीमारी की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु समीक्षा बैठक सम्पन्न

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




मुरादाबाद-अपर मुख्य सचिव पशुधन एवं मत्स्य उ0प्र0 शासन डॉ0 रजनीश दुबे तथा शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी श्री कुणाल सिल्कू ने आज सर्किट हाउस सभागार में पशुओं में फैली लम्पी स्किन बीमारी की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु समीक्षा बैठक आहूत की गयी। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि वेस्ट यूपी में लम्पी स्किन बीमारी गौवंश में फैल रही है, यूपी के तीन मंडल में 22 जिले इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं, मुरादाबाद में बीमारी रोकने के लिए वैक्सीन लगाई जा रही है,आगामी 5 दिन में शत प्रतिशत वैक्सीन का कार्य मुरादाबाद में पूरा कर लिया जाएगा। अपर मुख्य सचिव डॉ रजनीश दूबे ने विभागीय समीक्षा बैठक में बताया कि वेस्ट यूपी में लंपी बीमारी गौवंश में फैल रही है,यूपी के तीन मंडल में 22 जिले इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं,मुरादाबाद में बीमारी रोकने के लिए वैक्सीन लगाई जा रही है, आगामी 5 दिन में शत प्रतिशत वैक्सीन का कार्य मुरादाबाद में पूरा कर लिया जाएग। उन्होंने बताया कि 19 हजार पशु अब तक इस बीमारी की चपेट में आ गये हैं, पशुओं के उपचार के साथ ही रोकथाम के प्रभावी उपाये किए जा रहे हैं। उत्तराखण्ड से आने वाले गौवंशीय एवं महेशवंशीय पशुओं को प्रदेश में एंट्री हेते प्रतिबंधित कर दिया गया है, ताकि यह बीमारी दूसरी जगह पर न फैल सके। सभी पशु चिकित्सकों की ऑनलाइन टेऊनिंग करा दी गयी है तथा सभी पशुधन प्रसार अधिकारियों तथा मुख्य पशु चिकित्सधिकारियों को इस दौरान क्या करें क्या न करें की प्लानिंग भी करायी जा रही है। उन्होंने बताया कि यह रोग मनुष्य को नही होता यह पशु में ही होता है। संक्रमिक पशुओं को स्वस्थ पशुओं से अलग रखा जाये। सभी दवाईयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और कंट्रोल रुम भी स्थापित कर निरन्तर पशुओं की मानीटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि पशु बीमारी की चपेट में आने पर निकटम् पशु चिकित्साधिकारी को सूचित करें, प्रभावित पशु को स्वस्थ पशु से अलग रखें, प्रभावित पशु को आश्रय स्थल पर आहार, पानी की व्यवस्था करें, पशुओं को गंदगी नाली आदि के पास न बांधे, पशुओं सदैव स्वच्छ पान पिलाये, प्रभावित पशु के दूध को उबालकर पिये। उन्होंने बताया कि यह संक्रमण बीमारी पशुओं से मनुष्य में नही फैलती है, पशुओं को सामूहिक रुप से चरायी के लिए न भेजे, बीमारी पशु की देखरेख करने वाले पशुपालक से स्वस्थ पशुओं की देखरेख न करें, पशु मेला /हाट एवं प्रदर्शनी में पशुओं न भेजे, प्रभावित क्षेत्रों में पशु खरीदकर न लाये, रोगी पशु का दूध बछिया या बछडे को न पिलाये।

उन्होंने सरकार की योजनाओं को लेकर आमजन तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जांच हेतु मथुरा में भी लैब की शुरुआत की गई है,जोकि अभी तक केवल बरेली में ही थी। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद मंडल में लंपी बीमारी 5 पशु में फैल चुका है,जिसे रोकने के लिए रिंग वैक्सिनेशन का कार्य किया जा रहा है,जबकि बीमार पशुओं के लिए उपचार हेतु चिकित्सक की टीम घर घर जाकर जांच पड़ताल में जुटी है, तीन मोबाइल वैन जल्द ही मुरादाबाद आ जाएंगी, जिसमें डॉक्टर और फार्मेसिस्ट की टीम गांव गांव जायेगी, उन्होंने कहा मुरादाबाद जिले में 50 हजार वैक्सीन आ चुकी हैं, जिनके आधार पर आगामी 5 दिन में शत प्रतिशत वैक्सीन लगा दी जायेंगी। उन्होंने बताया कि गौ सरंक्षण केंद्र में जाकर बीमारी की रोकथाम हेतु टीम कार्य करेगी, साथ ही प्रदेश में आरटीपीसीआर के माध्यम से जांच हेतु मथुरा में भी लैब की शुरुआत की गई है, सरकार की मंशा के अनुरूप गांव गांव जाकर लंपी की रोकथाम के लिए कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह, जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्री आनन्द वर्धन, नगर आयुक्त श्री संजय चैहान, डिप्टी कलेक्टर हर्षिता सिंह, परियोजना निदेशक श्री सतीश प्रसाद मिश्र, समस्त जनपदों के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ड्रग तस्कर हसीना की 1.82 करोड़ की संपत्ति कुर्क



मुरादाबाद-मुरादाबाद की शातिर ड्रग तस्कर हसीना की एक करोड़ 85 लाख रुपए की संपत्ति को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में कुर्क कर लिया गया। उस पर अलग-अलग थानों में हत्या समेत दर्जनों मामले दर्ज हैं। कुछ समय पहले ही उसे दस साल की सजा सुनाई गई थी, तभी से वह जेल में बंद है। मझोला थाना क्षेत्र के जयंतीपुर निवासी गैंगेस्टर हसीना का पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नशे का जाल बिछा हुआ है। उस पर हत्या समेत 27 मुकदमे अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दर्ज हैं। उसने अवैध तरीके से करोड़ों रुपए की संपत्ति जमा की है। इसकी काफी समय से जांच चल रही थी। सीओ सिविल लाइंस डाक्टर अनूप यादव व इंस्पेक्टर मझोला धनंजय सिंह ने हसीना पत्नी आजम उर्फ बाबू निवासी मीना नगर जयंतीपुर थाना मझोला, की अवैध संपत्ति को लेकर रिपोर्ट तैयार करके जिसे एसएसपी हेमंत कुटियाल को दी थी। रिपोर्ट को डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह को भेजा गया। डीएम की संस्तुति के बाद ही शुक्रवार को सीओ सिविल लाइंस डॉ. अनूप यादव, इंस्पेक्टर मझोला व प्रशासनिक अधिकारी भारी फोर्स के साथ जयंतीपुर स्थित हसीना के घर पहुंचे। ढोल और नगाड़ों के बीच पुलिस ने उसकी एक करोड़ 85 लाख रुपए की संपत्ति को कुर्क कर दिया।

### सट्टा किंग बिट्टू की बहन है हसीना

मुरादाबाद। लेडी डान हसीना सट्टा किंग रहे जुल्फिकार अली उर्फ बिट्टू की सगी बहन है। करीब छह साल पहले बिट्टू की घर के पास ही गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद से ही हसीना ने भाई का अवैध कारोबार संभालना शुरू कर दिया था। हसीना पर भी हत्या का मामला दर्ज है। वह दर्जनों बार जेल जा चुकी है। आलीशान कोठी में हाईटेक सुविधाएं देखकर पुलिस भी रह गई थी अवाक- जयंतीपुर स्थित मीना नगर में ड्रग तस्कर हसीना ने करोड़ों रुपए की आलीशान कोठी बनाई है। उसमें हर सुख सुविधा मौजूद है। कोठी के अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। इनका प्रयोग हसीना पुलिस से बचने के लिए करती थी। शुक्रवार को कोठी कुर्क करने के दौरान पुलिस वाले अंदर गए तो वह सुविधाएं देखकर अवाक रह गए।

# प्रदेश के मुख्यमंत्री जी का 03 व 04 सितम्बर को मुरादाबाद जनपद भ्रमण कार्यक्रम

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-उत्तर प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी 03 सितम्बर को मुरादाबाद जनपद पधार रहे हैं। उक्त जानकारी प्रभारी अधिकारी वी0वी0आई0पी0 एम0पी0 सिंह ने देते हुए बताया है कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार मा0 मुख्यमंत्री पूर्वान्ह् 11:15 बजे मुरादाबाद सर्किट हाउस पहुंचकर पूर्वान्ह् 11:15 बजे से मध्यान्ह् 12:00 बजे तक मा0 जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी के पदाधिकारियों के साथ सर्किट हाउस सभागार में बैठक करेंगे। इसके पश्चात् मा0 मुख्यमंत्री जी मध्यान्ह् 12:00 बजे से अपरान्ह् 2:00 बजे तक मण्डलीय अधिकारियों एवं मा0 जनप्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक लेंगे, जिसमें मुरादाबाद जनपद के मा0 जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे तथा मण्डल के अन्य जनपदों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि वीडियों कान्फ्रेन्स के माध्यम से जुडेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार मा0 मुख्यमंत्री जी 03 सितम्बर को अपरान्ह् 2:30 बजे सर्किट हाउस मुरादाबाद से प्रस्थान कर अपरान्ह् 2:40 बजे लाकडी फाजलपुर मुरादाबाद में प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण करेंगे, जिसके पश्चात् अपरान्ह् 3:00 बजे मैनाठेर गौशाला मुरादाबाद का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। मा0 मुख्यमंत्री जी अपरान्ह् 3:20 बजे इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन लाकडी फाजलपुर पहुंचकर वहां का स्थलीय निरीक्षण करने के पश्चात् 3:35 बजे मुरादाबाद सर्किट हाउस पहुंचकर राजकीय हैलीकाप्टर द्वारा बिजनौर जनपद हेतु प्रस्थान कर जाएंगे। मा0 मुख्यमंत्री जी 04 सितम्बर रविवार को पुनः अपने मुरादाबाद जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अर्न्तगत अपरान्ह् 2:50 बजे मूढापाण्डे हवाई पट्टी मुरादाबाद पहुंचकर उसी स्थल पर अपरान्ह् 3:00 बजे से अपरान्ह् 4:00 बजे तक उद्यमियों से संवाद व भेंट वार्ता कार्यक्रम के उपरान्त अपरान्ह् 4:00 बजे मूढापाण्डे हवाई पट्टी मुरादाबाद से लखनऊ हेतु प्रस्थान करेंगे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Anna Hazare's letter


We still remember the era of the famous Gandhian social worker Anna Hazare's fast and the movement for Lokpal, when there was a huge crowd at the historic Ramlila Maidan in the capital Delhi and at Jantar Mantar. The average head had a Gandhi cap. Elders leaving their shops and businesses, women leaving their home chulhas and chulhas and youth taking a break from their corporate and ordinary jobs, came to increase the strength of the movement. There was only one identity and only one call – Anna. The movement was against corruption and political filth, promiscuity. The constitution of Lokpal was presented as if after that corruption, brokerage, bribery etc.

in the corridors of government and power would cease to exist! The Lokpal was discussed after convening a casual session of Parliament on a holiday and a resolution was passed that Lokpal be installed in the administration. The women had rallied for prohibition of alcohol and social purity. Kejriwal was presented as the psyche-son of Anna. He fasted despite being a sugar patient. Apart from him, many other faces like Kiran Bedi, General VK Singh, Yogendra Yadav, Prashant Bhushan, Kumar Vishwas, Ashutosh, Shazia Ilmi etc. also gave impetus to the movement against corruption, but due to Kejriwal's monopolism, all gradually got separated. General VK Singh is a minister of state in the Modi government. Political power was not a goal then. Kejriwal had also vowed to his children. Not only this, a list of 15 big leaders like Pranab Mukherjee, Kapil Sibal, Sheila Dikshit, Arun Jaitley, Nitin Gadkari was also prepared. The Kejriwal group had termed him a "corrupt leader" and had reportedly taken a vow to send him to jail.

In the last years, the whole scenario has changed. Kejriwal and his allies formed the Aam Aadmi Party (AAP). Kejriwal continues to be the high command of the party. In the semi-state of Delhi, he has been the Chief Minister continuously since 2015 and now after the formation of the government in Punjab, the ambitions of Kejriwal and AAP have increased to become the Prime Minister of the country. Anna has written a letter to Kejriwal after a gap. There is also a reprimand for Kejriwal, including Anna's concern and concern. Anna has clearly written that Kejriwal and his 'AAP' have become intoxicated with power, so have forgotten the ideal and the Lokpal does not know where is he left behind! Anna also reminded Kejriwal of the book 'Swaraj', whose role was written by Anna himself. Many idealistic things were said in the book like village swaraj, dangerous consequences of alcohol, administration of Lokpal etc. Anna's pain is that that ideal has been lost somewhere. There is a difference between Kejriwal's words and deeds. Anna is also saddened by the current liquor policy and the controversy surrounding it and considers it wrong.

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# Swara Bhaskar said – Boycott people are getting money, if it would have made a difference, why would Gangubai run?



Many celebs have given their opinion about Bollywood Boycott on social media. Now Swara Bhaskar has also spoken on this issue. Swara feels that the boycott trend is not the reason for the films not playing. He explained this by giving the example of Alia Bhatt. Swara said that Alia was boycotted so much after the death of Sushant Singh Rajput. Still his film Gangubai Kathiawadi was seen. Swara also said that some hate-mongers are spreading this boycott trend. Perhaps they are earning from it too. Movies not running at the box office - Since Corona, only a few films have been able to run at the box office. People are assuming different reasons behind this as being responsible. Many people believe that the image of Bollywood stars has been tarnished in the eyes of the audience. This has also had an impact on the business of films. For the past two years, the boycott trend is visible on social media for Bollywood and many actors. Now Swara Bhaskar has given her opinion on the boycott of films. Said, it is wrong to get hatred for Alia - Swara Bhaskar told Zoom Digital, I don't know how much Boycott trend is really affecting the business. Alia Bhatt got a lot of negativity on social media after the sad demise of Sushant Singh Rajput. Which was also wrong. At that time Sadak 2 was released. It was boycotted and there was negative publicity too. The film got beaten up. Swara said, people are earning - Swara speaks, when Gangubai came to Kathiawadi, it all started. Nepotism, Sushant, Wahi Boycott slogans but people went and saw the film. Boycott has been given more hype. This is a small group of people who have a special agenda. They are haters, hate Bollywood, they want to ruin Bollywood. They are spreading nonsense and lies about Bollywood. I think they are earning money from it. We have a lot of evidence that these people are trees. Many people used Sushant's incident to their advantage.

# Kunal Khemu steps into the field of direction, will make 'Madgaon Express'



Mumbai Bollywood actor Kunal Khemu is now making his directorial debut. Kunal Khemu has announced his directorial venture with a film titled 'Madgaon Express' in association with Excel Entertainment. Kunal Khemu wrote on social media, "Ganpati Bappa Moria, as all good things begin with his name, I can't think of a better day to share this with all of you. It started with an idea in my mind which turned into a dream, which flowed from my fingers to my laptop and now it will come out as a reality on the silver screen. Many thanks to Ritesh, Farhan and Rucha at Excel Entertainment for believing in my script and my vision and for partnering with me on this exciting journey in the world of cinema. With folded hands and bowed my head, I wish you all the blessings and the blessings of Ganpati Bappa. Introducing the Madgaon Express.

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527


# राजनैतिक दलों संग बैठक कर मांगा सुझाव

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में मतदेय स्थल सम्भाजन के सम्बन्ध में जनपद के संसद सदस्यों, विधान सभा सदस्यों तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/मंत्रियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गई। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2023 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण और पुनरीक्षण पूर्व की जाने वाली कार्यवाहियों के अन्तर्गत मतदेय स्थलों का सम्माजन अधिकतम 1500 मतदाताओं के आधार पर कराये जाने के निर्देश दिये गये है।बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक मतदेय स्थल पर कम से कम 1300-1350 तक मतदाता रखे जाय, जिससे आगामी निर्वाचन तक प्रत्येक मतदेय स्थल पर मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक न होने पाये, के दृष्टिगत 1500 मतदाता प्रति पोलिंग स्टेशन पर, आधार मानते हुए 1300 से 1350 प्रति पोलिंग स्टेशन मतदाता किये जाने है। सम्भाजन की कार्यवाही के दौरान एक मतदान केन्द्र पर 02 से अधिक मतदेय स्थल स्थापित हों, तो उनको यथा सम्भव 1500 मतदाता प्रति मतदेय स्थल के आधार पर समायोजित करने का प्रयास किया जाय ताकि मतदेय स्थलों की संख्या को कम किया जा सके ऐसे मतदेय स्थल, जिन पर मतदाताओं की संख्या 500 से कम है, निर्वाचन-2022 के समय मतदेय स्थल 289-भिनगा में 424 तथा 290-श्रावस्ती में 478 बनाये गये थे। समायोजन के पश्चात् भिनगा में 33 व श्रावस्ती में 40 मतदेय स्थल घटे है। आलेख्य प्रकाशन की 289-भिनगा में 229 मतदान केन्द्र व 391 मतदेय स्थल है, तथा 290-श्रावस्ती में 267 मतदान केन्द्र व 438 मतदेय स्थल है। इस प्रकार जनपद में कुल 496 मतदान केन्द्र एवं 829 मतदेय स्थल है।उन्होने जनपद के समस्त राजनैतिक दलों के अपील किया है कि वर्तमान समय में मतदेय स्थलों की सूची में किसी प्रकार का कोई सुझाव हो तो प्रत्येक दशा मे निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उप जिलाधिकारी, भिनगा तथा इकौना को उपलब्ध करा सकते है।इस अवसर पर विधायक रामफेरन पाण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द, उपजिलाधिकारी प्रवेन्द कुमार, उपजिलाधिकारी आशुतोष, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी छोटेलाल, महामंत्री रमन सिंह, जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी सर्वजीत यादव,सांसद प्रतिनिधि प्रेमनाथ वर्मा, राष्ट्रीय लोक दल के राजकुमार ओझा, वरिष्ठ सहायक तुलसी रमण श्रीवास्तव, प्रधान सहायक सुनील श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र सी0बी0 गंज तथा परसाखेड़ा का किया निरीक्षण



तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी ने आज इंडस्ट्रियल एरिया सी0बी0 गंज तथा परसाखेड़ा में किए जा रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय उपायुक्त उद्योग श्री ऋषि रंजन गोयल सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने नगर निगम को निर्देश कि सी0बी0 गंज में स्थित नाले की निरन्तर साफ-सफाई की जाए और एक सार्वजनिक शौचालय भी बनवाया जाए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण को निर्देश दिए कि बीडीए से वार्ता कर सी0बी0 गंज सड़क पर बने डिवाइडर के पास एक कट बनवाया जाए, जिससे कि आवागमन में सुविधा हो सके। जिलाधिकारी ने नगर निगम को निर्देश दिए कि सी0बी0 गंज नाले के पास सड़क में गड्ढे हो गए हैं, जिसे शीघ्र सही कराया जाए।

# 10 पुलिस कर्मियों का मुख्य आरक्षी से उपनिरीक्षक पद पर हुआ पदोन्नति



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा , मुख्य आरक्षी अरुण कुमार दुबे ,मुख्य आरक्षी योगेंद्र आजाद ,मुख्य आरक्षी भानु प्रताप सिंह ,मुख्य आरक्षी राजेंद्र प्रसाद यादव ,मुख्य आरक्षी प्रथम कुमार दुबे मुख्य आरक्षी राजेंद्र पर्वत ,मुख्य आरक्षी राजेश कुमार मिश्र ,मुख्य आरक्षी राजनाथ यादव ,मुख्य आरक्षी दीनानाथ शुक्ला ,मुख्य आरक्षी जगत नारायण यादव को निर्धारित स्टार लगाकर उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव प्रधान लिपिक ज्ञान प्रकाश, उप निरीक्षक अजय कुमार पेशकार पुलिस अधीक्षक, उप निरीक्षक अर्जुन पटेल पीआरओ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# मांगो को लेकर किसान, नोजवानों प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- प्रदर्शन कर संयुक्त किसान मोर्चा उ0 प्र0 के सहयोगी किसान संगठनों सहित अखिल भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं द्वारा उ0 प्र0 के सभी जिला मुख्यालयों एवं तहसीलों पर प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया उक्त ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि 9-10 दिसंबर 2021 को केंद्र सरकार द्वारा तीन कृषि कानून की वापिसी, बिजली कानून 2020 की वापिसी, पराली कानून वापिसी की घोषणा एवं एम0 एस0 पी0 गारंटी कानून पर कमेटी सहित अन्य मांगों को लेकर दिल्ली में चले आंदोलन को देश के सभी किसान संगठनों ने सरकार के आश्वासन के आधार पर स्थगित कर दिया था परंतु आज लगभग आठ माह बीत जाने के बाद भी केंद्र सरकार ने अधिकांश वायदों पर कोई अमल किसान, मजदूर के हक में नहीं किया है अपितु वायदा खिलाफी कर किसान, मजदूर, नौजवानों का शोषण करने पर तुली है। इस वजह से किसान, मजदूर, नौजवानों में काफी आक्रोश व्याप्त है इस अवसर पर प्रमुख रूप से-- राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल संघर्षी, राष्ट्रीय महासचिव सुरेन्द शास्त्री, राष्ट्रीय महासचिव तेज सिंह वर्मा, प्रदेश महासचिव रघुवीर सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री प्रदीप अहीर, जिला संरक्षक हरदेव सिंह वर्मा, चरण सिंह राजपूत, राकेश कुमार, पप्पू भाई सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध कमरतोड़ कार्यवाही

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- जनपदीय पुलिस की अवैध शराब व मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध कमरतोड़ कार्यवाही, 855 लीटर अवैध शराब , 03 भट्टी, 78.010 किलोग्राम गांजा, 100 ग्राम चरस व 1020 ग्राम डाइजापाम बरामद, कुल 56 अभियुक्त गिरफ्तार। शासन की मंशानुरूप वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 24.08.2022 से दिनांक 31.08.2022 तक अवैध शराब व मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध चलाये गए अभियान के तहत छह्क्क एक्ट के 12 व्यक्ति चिन्हित किये गए, 10 अभियोग पंजीकृत किये गए, 12 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए 02 अभियुक्तों के विरुद्ध गैंग0 एक्ट की कार्यवाही की गई तथा 02 अभियुक्तों को सजा दिलाई गई तथा आबकारी अधिनियम के तहत 44 व्यक्ति चिन्हित किये गए जिनमें से 44 को गिरफ्तार करते हुए 44 अभियोग पंजीकृत किये गए व 03 अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की गई। इस दौरान जनपदीय पुलिस द्वारा 78.010 किलोग्राम गांजा, 100 ग्राम चरस, 1020 ग्राम डाइजापाम कीमत करीब 2,10,000 तथा 855 लीटर अवैध शराब, 03 भट्टी बरामद किए गए तथा करीब 10,000 लीटर लहन को नष्ट किया गया इस प्रकार जनपदीय पुलिस द्वारा 56 अभियुक्तों के विरुद्ध 54 अभियोग पंजीकृत करते हुए करीब 6,00,000 रुपये कीमत के अवैध मादक पदार्थ व अवैध शराब बरामद की गई है।

# आजादी के 75वें साल में भी नहीं बन सका पुल, उफनती नदी पार कर जाना पड़ता है स्कूल

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- ओड़गी ब्लॉक मुख्यालय से 80 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत महुली जो आजादी के 75 वर्ष बाद भी मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर है ग्राम पंचायत महुली के पहाड़ पारा के स्कूली बच्चे आज भी बरसात के दिनों में उफनती नदी पार कर विद्यालय जाने को विवश हैं। बात दे की सुरजपुर जिले के ओड़गी ब्लॉक के ग्राम पंचायत महुली आज भी मूलभूत सुविधा को लेकर काफी दूर है पहाड़ पारा के प्राथमिक पाठशाला को जोड़ने वाली सड़क में अभी तक आजादी के 75 साल बाद भी पुल नहीं बनने से स्कूली बच्चों सहित पहाड़ पारा के ग्रामीणों को बरसात के दिनों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है वहीं स्कूली बच्चे अपना जान जोखिम में डालकर उफनती नदी को पार कर रोजाना स्कूल जाने के लिए विवश है वही ग्रामीणों द्वारा बताया जा रहा है कि यह स्कूल लगभग 27 28 साल पहले चालू हुआ है जोकि लगभग 20-22 साल तक एक झोपड़ी में लगाया जाता था वहीं 5 साल हुआ की पक्की घर में लगाया जा रहा है जो कि अब ग्रामीणों द्वारा यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि पिछले 15 साल भाजपा की सरकार थी तब भी वह सही था आज साडे 3 वर्ष कांग्रेसी सरकार है तब पर भी पहाड़ पारा प्राथमिक शाला स्कूल जाने वाली सड़क की वही स्थिति है यह सड़क मुख्य मार्ग से मात्र 1 किलोमीटर दूरी की है लेकिन ना तो इस रोड में सीसी रोड हुआ नहीं पुल पुलिया का निर्माण किया गया

जिससे पारा वासियों को बरसात के दिनों में भारी समस्या और उफनती नदियों को पारकर मुख्य मार्ग में जाना पड़ता है वही बरसात के दिनों में क्षेत्र में मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है जिससे मरीजों तक नहीं एंबुलेंस एंबुलेंस पहुंच पाती है नहीं स्थानीय गाड़ी पहुंच पाती है जिससे पारा वासियों को खटिया साइकल में बैठा कर किसी तरह नदी को पार कर मुख्य मार्ग पर लाना पड़ता है जिससे पारा वासियों की भारी समस्या है किंतु विडंबना यह है कि ग्राम पंचायत महुली के स्कूल पहाड़ पारा के बीच पड़ने वाली नदी में आज भी पुल नहीं बन पाया है जिसकी वजह से बरसात के दिनों में स्कूल में कक्षा पहली से लेकर पांचवीं तक पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को पूरे बरसात के महीने में परेशानी का सामना करना पड़ता है, तेज बारिश होने पर नदी में बाढ़ की स्थिति बन जाती है और स्कूल की समय से पहले छुट्टी करनी पड़ती है। पानी का बहाव कम होने पर ही छात्र छात्राएँ विद्यालय तक पहुंच पाते हैं, साथ ही वहां अध्यापन कराने वाले शिक्षकों को भी ऐसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।वही इस विषय में छात्राओं का कहना है कि बरसात के मौसम में स्कूल लगता है लेकिन समय पहले ही छुट्टी हो जाता है और हमारी पढ़ाई प्रभावित हो जाता है, बाकी समय अधिक बरसात होने की वजह से स्कूल में छुट्टी कर दी जाती है। ज्ञात हो, यह स्कूल शिक्षा मंत्री के जिले का है जो कि स्कूल खुले करीब 27-28 साल हो गए और इस विद्यालय के छात्र छात्राओं को पक्की सड़क वह पुल की निर्माण नहीं हो पाया जिससे विद्यार्थियों को उफनती नदी व कीचड़ भरी सड़क से स्कूल जाने के लिए विवश है

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई व गिरफ्तारी की मांग



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- सूरजपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्र बिहारपुर के ग्राम सपहा की नाबालिग लड़की के अपहरण व दुष्कर्म मामले में आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई व गिरफ्तारी की मांग को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौपा है। आज भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल के नेतृत्व मे महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी राजवाड़े ने गत दिनों जिले के बिहारपुर क्षेत्र की सपहा निवासी नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म किए जाने की शिकायत की है।बताया गया है कि मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले के सरईझर निवासी मुस्तफीज अंसारी ने 25 अगस्त को लड़की का अपहरण कर ले गया जहां उसने उसके साथ दुष्कर्म भी किया।भाजपा महिला मोर्चा ने आरोप लगाया है कि चांदनी पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपहरण का मामला दर्ज किया है जबकि नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना कारित करने की शिकायत पीड़िता के पिता ने थाने मे दर्ज कराई है। भाजपा महिला मोर्चा ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर दोषी के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की मांग की है।इस दौरान सुमन सिंह ,शाति सिंह ,किरण खेस,मुरली सोनी, भूलनसिंह, संदीप अग्रवाल, सुरेंद्रे मौजूद रहे।

# थाना सूरजपुर पुलिस ने गांजा सहित 01 को किया गिरफ्तार

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को नशे के धंधे में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते एवं क्षेत्र में सक्रिय मुखबीर का जाल फैलाने के निर्देश दिए थे जिसके बाद से ही जिले की पुलिस नशीली पदार्थ के गोरख धंधे पर सतत् निगाह बनाए हुए है। इसी बीच कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि पर्री निवासी राजू विश्वकर्मा अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने हेतु रखा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी सूरजपुर गीता वाधवानी के मार्गदर्शन में गुरूवार को कोतवाली पुलिस की टीम ने दबिश देकर राजू विश्वकर्मा पिता गंगाराम विश्वकर्मा उम्र 50 वर्ष निवासी पर्री को पकड़ा जिसके कब्जे से 1 किलो 250 ग्राम गांजा कीमत करीब 25 हजार रूपये का जप्त किया। मामले में गांजा जप्त करते हुए आरोपी के विरूद्ध धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, एएसआई बजरंगी लाल चौहान, रघुवंश सिंह, प्रधान आरक्षक हरेन्द्र

# रक्तचाप, मधुमेह, सिकलसेल, एनीमिया, हीमोग्लोबिन, मलेरिया, टाइफाइड , खून की जांच कर एवं मरीजों को नि:शुल्क दी जा रही दवाईयां

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




- मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना से दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीण हो रहे लाभान्वित
- अब तक 2,79,394 लोगों का किया गया जांच एवं उपचार
- 225 गंभीर मरीजों को किया गया जिला अस्पताल रेफर

सूरजपुर- मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना का जिले संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के निर्देशन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. आर. एस. सिंह के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना में अधिक से अधिक मरीजों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया जा रहा है। सूरजपुर, प्रतापपुर, भैयाथान, रामानुजनगर, ओढ़गी और प्रेमनगर विकासखंड में साप्ताहिक बाजार लगते हैं हाट बाजार क्लीनिक योजना का संचालन किया जा रहा है। 1 अप्रैल 2022 से 31 अगस्त 2022 तक कुल उपचारित मरीजों की संख्या 113184 है दवाई प्राप्त करने वाले तथा विभिन्न टेस्ट कराने वालों की संख्या 105680 है। सीएमएचओ डॉ. आर एस सिंह ने बताया कि कुल चिन्हांकित हाट बाजारों की संख्या 105, कुल वाहनों की संख्या 18, माह में कुल 400 बाजार लगता है तथा विभिन्न बाजारों में 2196एमएमयू गये। उन्होंने बताया कि प्रति हाट बाजार में उपचारित मरीजों की औसत संख्या 52 तथा जिला अस्पताल में रेफर किये गये मरीजों की संख्या 225 है। गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी के कारण बीमार लोगो को ईलाज के लिये कई बार आधारभूत स्वास्थ्य सेवायें भी समय पर नहीं मिल पाने के कारण बीमारी का पता नहीं चल पाता है तथा जटिलता की स्थिति में उच्च अस्पतालों को रिफर करना पड़ता है। ग्रामीण तथा शहरी स्लम क्षेत्रों में पैथोलॉजी प्रयोगशाला नहीं होने के कारण मरीजों को जांच के लिए भी शहरी क्षेत्रों तक आना पड़ता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा आदिवासी अंचलों में ग्रामीणों के बीच हाट बाजार के महत्व को देखते हुये मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना की शुरुआत किया गया। इस योजना के अन्तर्गत प्रतिदिन हाट बाजार क्लीनिक में जांच और इलाज की सुविधा से ऐसे मरीजों को त्वरित रूप से आधारभूत स्वास्थ्य सेवायें मिल रही है। सूरजपुर जिले के भी हाट बाजारों में भी इस योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर संक्रामक एवं गैर संक्रामक रोगों का नि:शुल्क इलाज किया जा रहा है। हाट बाजार क्लीनिक में ही रक्तचाप, मधुमेह, सिकलसेल एनीमिया, हीमोग्लोबिन, मलेरिया, टाइफाइड जैसी बीमारियों के लिये खून की जांच नि:शुल्क की जा रही है एवं मरीजों को नि:शुल्क दवाईयां दी जा रही है, साथ ही आवश्यक चिकित्सा परामर्श दिया जा रहा है। लोगो की बीमारी का त्वरित इलाज हो रहा है।